## One Day Seminar on

# ' नशे के दुष्प्रभाव एवं नशे मुक्त परिसर निर्माण '

**Date: 08 मई, 2023**

**Venue: K. B. College, Bermo**




***Organized by***

**Department of Psychology**

**IQAC**

**K.B.College, Bermo, Bokaro**

# Summary Report

मनोविज्ञान विभाग एवं IQAC के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित एकदिवसीय सेमिनार की विधिवत उद्घाटन अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य के द्वारा सेमिनार हॉल में दीप प्रज्वलित कर मुख्य अतिथियों का स्वागत करते हुए किया गया ।

प्राचार्य डॉ के पी सिन्हा ने कहा नशा मुक्त राष्ट्र निर्माण सभ्य समाज की पहली शर्त है । विद्यार्थियों के समग्र व्यक्तित्व निर्माण की आधारशिला नशा मुक्त रहने के संकल्प मे निहित है । कॉलेज परिसर निकोटिन मुक्त जोन के रूप में स्थापित है । प्राचार्य द्वारा नशे मुक्त समाज निर्माण हेतु शपथ पत्र दिलवायी गयी । रूसा समन्वयक प्रो लष्मी नारायण ने सेमिनार की शुरुआत अतिथियों के स्वागत भाषण के साथ किया व नशे मुक्त समाज निर्माण को सभ्य समाज के लिये महत्वपूर्ण बतलाया ।

मुख्य वक्ता के रूप में सदर अस्पताल बोकारो के मनोचिकित्सक डॉ प्रशान्त कुमार मिश्रा ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए रोकथाम व निवारणत्मक उपायों को बतलाया । नशे के कारण उत्पन्न होने वाली समस्याओं व परिस्थितियों पर सविस्तार चर्चा की गयी । विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने व समाज को बेहतर बनाने में युवाओं को बढ़ चढ़ कर आगे आने की बात रखी गयी ।

विशिष्ट वक्ता , तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम बोकारो के ज़िला परामर्शी मो असलम ने कोटपा ( Cigrette and other tobacco product act ) अधिनियम 2003 की जानकारी दी । शिक्षन संस्थाओं में 100 मीटर की परिधि मे तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर प्रतिबंध लगाया गया है या पूर्णतः वर्जित है । सार्वजनिक स्थलों पर नो स्मोकिंग जोन का साइन बोर्ड डिस्प्ले अनिवार्य है । इसके उलंघन पर जुर्माना का प्रावधान है । शिक्षण संस्थाओं मे नशे मुक्त परिवेश की अहम भूमिका है ।

आयोजनकर्ता सह मनोविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ प्रभाकर कुमार ने कहा कि नशे मुक्त राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भी महंती भूमिका है । युवाओं को जागरूकता अभियान में आगे आकर समाज में नशे मूल आदतों को जड़ से मिटाने का संकल्प लिये जाने की जरूरत है । नशे की आदत बचपन से ही लगती है अतः बचपनवस्था मे अधिक ध्यान की दिये जाने की जरूरत है ताकि नशे की लत ही न पड़े ।

IQAC समन्वयक डॉ अरुण कुमार राय महतो ने बतलाया कि कॉलेज के विद्यार्थियों को नशे मुक्त समाज निर्माण हेतु संवाहक के रूप में तैयार किया जायेगा ।अन्य वक्ताओं ने भी अपने अपने विचार रखे ।

उक्त सेमिनार में नशे मुक्त समाज निर्माण हेतु पोस्टर प्रतियोगिता एवं अधिकतम 200 शब्दों में लिखित निबंध प्रतियोगिता का आयोजन कॉलेज के सभी विभागों के विद्यार्थियों के सहभागिता से किया गया जिनमें पोस्टर देता हुआ नशे के संदेश मे प्रथम स्थान याशमीन सवा , सेमेस्टर 6 , इतिहास विभाग , द्वितीय स्थान पर दानिया फिरदौस , सेमेस्टर 4 , अंग्रेजी विभाग एवं तृतीय स्थान पर सोनाली कुमारी , मनोविज्ञान विभाग , सेमेस्टर 4 रहे , वहीँ निबंध प्रतियोगिता में प्रथम रिया चक्रवर्ती , सेमेस्टर 4 अंग्रेजी विभाग , द्वितीय स्थान पर सत्यम कुमार ,

सेमेस्टर 2 , मनोविज्ञान विभाग एवं तृतीय स्थान खुश्बू कुमारी , सेमेस्टर 4 , राजनीति विज्ञान पर रहे । प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर स्थान बनाये प्रतिभागियों को गोल्ड मेडल , पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर , T शर्ट , टोपी देकर सम्मानित किया गया । पोस्टर एवं निबंध प्रतियोगिता के प्रतिभागियों के चयन हेतु त्रिसदस्यीय कमिटी बनायी गयी जिसके अध्यक्ष डॉ आर पी सिंह , विभागाध्यक्ष वाणिज्य विभाग , डॉ अलीशा वंदना लकड़ा , विभागाध्यक्ष अंग्रेजी विभाग एवं डॉ अरुण कुमार रॉय महतो , विभागाध्यक्ष जंतु शास्त्र विभाग थे ।

पोस्टर एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन विद्यार्थियों में नशे के दुष्प्रभाव एवं नशे मुक्त परिसर निर्माण में युवाओं की भूमिका को लेकर किया गया है । विद्यार्थी पढ़ाई के साथ साथ समग्र व्यक्तित्व निर्माण में आगे आकर समाजोपयोगी बनें ।

मंच संचालन डॉ नीला पूर्णिमा तिर्की , विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान द्वारा की गयी । धन्यवाद ज्ञापन प्रो गोपाल प्रजापति , विभागाध्यक्ष रसायन विभाग ने किया ।

सेमिनार मे तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के सामाजिक कार्यकर्ता छोटे लाल , डॉ बासुदेव प्रजापति , प्रो राजू कुमार बड़ाईक , प्रो अमित कुमार रवि , प्रो मधुरा केरकेटा , प्रो मनोहर मांझी , प्रो नितिन चेतन तिग्गा , प्रो साजन भारती , डॉ व्यास कुमार , प्रो प्रसादी कुशवाहा , प्रो पंकज कुमार , रवींद्र कुमार दास , दुर्गा पासवान , सदन राम , रवि कुमार यादविन्दु , शिव कुमार झा , विक्रम सिंह , विमल कुमार , दीपक कुमार , मो साजिद अंसारी , बालेश्वर यादव , भगन राम , कलावती देवी , सुसारी देवी , संतोष राम , पुरोषतम चौधरी , राजेश्वर सिंह , सी एस मिश्रा आदि कॉलेज परिवार के सभी सदस्य रहे ।




K.B. COLLEGE, BERMO
SENSITIZATION CAMPAIGN FOR
COLLEGE/SCHOOL STUDENTS



# In Media

## नशा मुक्ति पर केबी कॉलेज में सेमिनार



केबी कॉलेज बेरमो में सोमवार को सेमिनार में अतिथि व अन्य।

कथारा, प्रतिनिधि। मनोविज्ञान विभाग एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को नशे के दुष्प्रभाव एवं नशे मुक्त परिसर निर्माण विषय पर केबी कॉलेज बेरमो में सेमिनार का उद्‌घाटन अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य डॉ केपी सिन्हा ने किया।

कहा कि नशा मुक्त राष्ट्र निर्माण सभ्य समाज की पहली शर्त है। विद्यार्थियों के समग्र व्यक्तित्व निर्माण की आधारशिला नशा मुक्त रहने के संकल्प में निहित है। रूसा समन्वयक प्रो लक्ष्मी नारायण ने भी संबोधित किया। मुख्य वक्ता सदर अस्पताल बोकारो के मनोचिकित्सक प्रशान्त कुमार मिश्रा नें विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए रोकथाम व निवारणत्मक उपायों को बतलाया। विशिष्ट वक्ता तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम बोकारो के जिला परामर्शी मो असलम ने कोटपा अधिनियम 2003 की जानकारी दी। आयोजनकर्ता सह मनोविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ प्रभाकर कुमार ने कहा कि नशा मुक्त राष्ट्र निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है।

आईक्यूएसी समन्वयक डॉ अरुण राय महतो ने बतलाया कि विद्यार्थियें को नशा मुक्त समाज निर्माण को संवाहक के रूप में तैयार किया जाएगा। पोस्टर व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। चहरं संचालन डॉ नीला पूर्णिमा तिर्की ने किया। धन्यवाद ज्ञापन प्रो गोपाल प्रजापति ने दिया।

---

आचार्य स्वामिनी संयुक्तानंदा सरस्वती ने कहा कि स्वामी चिन्मयानंद महाराज का जन्म केरल के एर्नाकुलम में हुआ था। उन्होंने समाज को दिशा प्रदान की।

पंचायत में सुबह नौ बजे कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्व मुखिया धनंजय सिंह, दीपक यादव, सूरज यादव, रवि यादव, अंजू देवी आदि का योगदान रहा।

## नशामुक्त समाज बनाने में युवा वर्ग आए आगे

संस, कथारा (बेरमो) : जारंगडीह स्थित केबी कालेज के जंतु विज्ञान सभागार कक्ष में सोमवार को नशे का दुष्प्रभाव एवं नशामुक्त परिसर निर्माण विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। प्राचार्य डा. केपी सिन्हा ने कहा कि महाविद्यालय को नशामुक्त परिसर बनाया गया है। विद्यार्थी नशामुक्त समाज बनाने के लिए लोगों को प्रेरित भी करेंगे। इस दौरान सभी को नशा से मुक्त रहने का संकल्प दिलाया गया। मंच का संचालन डा. नीला पूर्णिमा तिर्की ने किया। डा. एके राय महतो, प्रो. एलएन राय ने भी अपने विचार रखे। डा. प्रशांत कुमार मिश्रा ने कहा कि नशे के कारण व्यक्ति के अंदर कई शारीरिक परिवर्तन होते हैं और कई तरह का आघात पहुंचता है। इसके दुष्प्रभाव व हानि के प्रति लोगों को जागरूक भी किया। तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के मोहम्मद असलम ने सरकारी प्रयासों की जानकारी दी। मनोविज्ञान विभाग के डा. प्रभाकर कुमार ने कहा कि नशे की लत से समाज तबाह हो जाता है। पोस्टर मेकिंग में प्रथम यासमीन सबा (इतिहास विभाग), द्वितीय पुरस्कार दानिया फिरदौस (अंग्रेजी विभाग), तीसरा पुरस्कार सोनाली कुमारी (मनोविज्ञान विभाग) एवं निबंध प्रतियोगिता में प्रथम रिया बनर्जी (अंग्रेजी विभाग), द्वितीय सत्यम कुमार (मनोविज्ञान विभाग), तीसरा खुशबू कुमारी (राजनीति विज्ञान विभाग) को सर्टिफिकेट देकर पुरस्कृत किया गया।